# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

पत्रांक 2564 / m-1 / 49 दिनांक 31/8/26

सेवा में,

जिला सूचनाधिकारी,
(निरीक्षा शाखा)
मऊ।

विषय : **दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 21.08.2026 को ''जल जीवन मिशनः पाइप लाइन आधा फीट गहराई में बिछाईः ग्रामीणों ने 100 मीटर पाइप लाइन के मानकों की जांच की मांग की'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 21.08.2026 को ''जल जीवन मिशनः पाइप लाइन आधा फीट गहराई में बिछाईः ग्रामीणों ने 100 मीटर पाइप लाइन के मानकों की जांच की मांग की'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें (कटिंग संलग्न)। विकास खण्ड दोहरीघाट के ग्राम पंचायत गोफा पेयजल परियोजना का कार्य मेसर्स जी०ए० इन्फा द्वारा फेज–5 के अन्तर्गत कार्य कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था मेसर्स जी०ए० इन्फा ने अपने पत्र **JJM/MAU/GA01/CE/1360, Date:- 24-08-2026** द्वारा अवगत कराया है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम गोफा में विगत वर्ष से नियमित पेयजल आपूर्ति संचालित की जा रही है। योजना में निर्धारित 430 घरेलू जल संयोजनों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 442 कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। हाल ही में ग्राम के एक हिस्से से 05 अतिरिक्त घरेलू जल संयोजनों की मांग प्राप्त हुई थी, जिसके लिए अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाना आवश्यक था। उक्त स्थान पर एक तरफ नाली, दूसरी तरफ निजी भूमि तथा समीप बीटी रोड होने के कारण पाइपलाइन को निर्धारित गहराई पर बिछाने में व्यावहारिक कठिनाई थी। स्थानीय लोगों द्वारा नाली एवं बीटी रोड को तोड़ने की अनुमति नहीं दी गई, जबकि उचित गहराई प्राप्त करने के लिए ऐसा किया जाना आवश्यक था। चूंकि उक्त परिवारों द्वारा काफी समय से पेयजल कनेक्शन की मांग की जा रही थी, इसलिए उपलब्ध स्थल की परिस्थितियों के अनुसार लगभग 110 मीटर अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाकर सभी 05 घरेलू जल संयोजन पूर्ण कर दिए गए हैं। वर्तमान में संबंधित परिवारों को नियमित रूप से पेयजल प्राप्त हो रहा है तथा शिकायतकर्ता भी जलापूर्ति प्रारंभ होने से पूर्णतः संतुष्ट है। इस सम्बन्ध मं इस कार्यालय के पत्रांक 2476/एम–1/47, दिनांक 21.08.2026 एवं पत्रांक 2506/एम–1/48, दिनांक 24.08.2026 द्वारा आख्या पूर्व में प्रेषित की जा चुकी है।

अनुरोध है कि कृपया प्रकरण निक्षेपित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक :** **उपरोक्तानुसार।**

भवदीय
(रामेश्वर दयाल)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः–

1– प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
3– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4– जिलाधिकारी महोदय, मऊ को सादर अवलोकनार्थ।
5– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मऊ को सादर सूचनार्थ।
6– मुख्य अभियन्ता (वारा.क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
7– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आजमगढ़।

अधिशासी अभियन्ता

CamScanner

लय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)

2506/ m-1 /48 दिनांक 24/08/2026










# जल जीवन मिशन: पाइपलाइन आधा फीट गहराई में बिछाई: ग्रामीणों ने 100 मीटर पाइपलाइन के मानकों की जांच की मांग की

मिथिलेश कुमार राय
| अमिला, मऊ
10 दिन पहले



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us




जल जीवन मिशन के तहत मऊ जिले के दोहरीघाट ब्लॉक स्थित गोफा ग्राम पंचायत के हुडहरा में पाइपलाइन बिछाने में गंभीर अनियमितता सामने आई है। यहां जलापूर्ति के लिए बिछाई जा रही एचडीपीई पाइपलाइन को कथित तौर पर केवल आधा फीट गहराई में डाला जा रहा है, जबकि मानक एक मीटर का है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कार्यदायी संस्था द्वारा लगभग 100 मीटर पाइपलाइन इतनी कम गहराई में बिछाई गई है। ग्रामीणों के अनुसार, इतनी कम गहराई में पाइपलाइन होने से भविष्य में इसके क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना रहेगा।

राकेश सिंह, सचिन, सुनील और सूरज सिंह सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि वाहनों के आवागमन और खेतों में कृषि कार्यों के दौरान पाइपलाइन टूट सकती है, जिससे जलापूर्ति बाधित होगी।



निर्धारित मानकों के अनुसार, पाइपलाइन को लगभग एक मीटर गहराई में और 300 मिमी व्यास के अनुरूप बिछाया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

Download App from

GET IT ON Google Play

Download on the App Store

Follow us on

फीडबैक दें

आज का राशिफल

मेष

मेष | Aries

पॉजिटिव- दिन मिलाजुला रहेगा। खुद पर भरोसा रखकर काम करेंगे तो पारिवारिक जिम्मेदारियां अच्छी तरह निभा पाएंगे। रिश्तों के प्रति आपका सम्मान परिवार के लोगों के साथ

और पढ़ें



CamScanner

इस संबंध में जल निगम मऊ के अधिशासी अभियंता रामेश्वर दयाल ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्य की तत्काल जांच कराई जाएगी। यदि पाइपलाइन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो उसे नियमानुसार दोबारा खुदवाकर सही गहराई में बिछाया जाएगा।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →

+Follow us

## खबरें और भी हैं...

**चौकी प्रभारी समेत 5 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर: जनता से दुर्व्यवहार की लगातार मिल रही थीं शिकायतें**




मऊ › शेयर

**मऊ साइबर पुलिस ने 58 हजार रुपये कराए वापस: ऑनलाइन ठगी के शिकार दो पीड़ितों को मिली राहत**



मऊ › शेयर

**स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा में कमियां मिलीं: मऊ DM ने अधिकारियों को लगाई फटकार, लापरवाह**




Grievance Redressal Policy |
Contact Us | RSS |
Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक दें

www.gainfra.com

No:JJM/MAU/GA01/CE/1360

Date- 24-08-2026

में,

धेशासी अभियंता महोदय,

तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),

मऊ।

विषय: ग्राम गोफा में अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाकर 05 अतिरिक्त घरेलू जल संयोजन उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

सविनय अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम गोफा में विगत वर्ष से नियमित पेयजल आपूर्ति संचालित की जा रही है। योजना में निर्धारित 430 घरेलू जल संयोजनों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 442 कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

हाल ही में ग्राम के एक हिस्से से 05 अतिरिक्त घरेलू जल संयोजनों की मांग प्राप्त हुई थी, जिसके लिए अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाना आवश्यक था। उक्त स्थान पर एक तरफ नाली, दूसरी तरफ निजी भूमि तथा समीप बीटी रोड होने के कारण पाइपलाइन को निर्धारित गहराई पर बिछाने में व्यावहारिक कठिनाई थी। स्थानीय लोगों द्वारा नाली एवं बीटी रोड को तोड़ने की अनुमति नहीं दी गई, जबकि उचित गहराई प्राप्त करने के लिए ऐसा किया जाना आवश्यक था।

चूंकि उक्त परिवारों द्वारा काफी समय से पेयजल कनेक्शन की मांग की जा रही थी, इसलिए उपलब्ध स्थल की परिस्थितियों के अनुसार लगभग 110 मीटर अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाकर सभी 05 घरेलू जल संयोजन पूर्ण कर दिए गए हैं।

वर्तमान में संबंधित परिवारों को नियमित रूप से पेयजल प्राप्त हो रहा है तथा शिकायतकर्ता भी जलापूर्ति प्रारंभ होने से पूर्णतः संतुष्ट है।

अतः उपरोक्त स्थिति को आपके संज्ञान एवं अभिलेख हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

Ga Infra VPL

GA Infra Pvt. Ltd. - Plot No. 61, Keshav Nagar, Hawa Sadak, Jaipur-302006 +91 141 4034072 4022349 Toll Free No. 18[illegible]
CIN No: [illegible]